प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-300
17/07/2017

नगर विकास एवं आवास विभाग ने मुख्यमंत्री के समक्ष दिया प्रस्तुतीकरण

पटना, 17 जुलाई 2017 :– आज 1, अण्णे मार्ग स्थित विमर्श में नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष विभाग से संबंधित विस्तृत प्रस्तूतीकरण दिया गया। प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री चैतन्य प्रसाद द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग के विभिन्न योजनाओं के अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दी गयी।

प्रस्तुतीकरण के क्रम में बिहार में शहरीकरण की प्रगति, शहरी क्षेत्रों में हर घर नल का जल, घर तक पक्की गली–नाली, शौचालय निर्माण घर का सम्मान, अमरूत योजना, नमामी गंगे योजना, हृदय योजना, पटना मेट्रो योजना, स्मार्ट सिटी योजना, शहरी यातायात, सभी के लिये घर, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, शहरों में कचरा प्रबंधन, नाली–प्रणाली व्यवस्था, एनर्जी एफिसियेंट स्ट्रीट लाइट, पार्क आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी, साथ ही बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा की जा रही कार्यों पर भी चर्चा की गयी। चर्चा के क्रम में मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिवरेज के पानी के प्रबंधन के संबंध में योजना बनायें, सिवरेज के पानी का हो सही उपयोग। उन्होंने कहा कि हमलोग जैविक कृषि को महत्व दे रहे हैं। सिवरेज के पानी का उपयोग सिंचाई में किया जा सकता है।

इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री महेश्वर हजारी, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव वित्त विभाग श्री डी0एस0 गंगवार, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग श्री चैतन्य प्रसाद, प्रधान सचिव भवन निर्माण श्री अमृतलाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******